# वैश्विक कंपनियां करेंगी यूपी में निवेश पर चर्चा

**पहल**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश दावोस (स्विटजरलैंड) में हो रहे विश्व आर्थिक फोरम में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के बीच राज्य की प्रभावी ब्रांडिंग करने का फैसला किया है। यूपी का प्रतिनिधित्व कर रहे उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल नेस्ले, एबी इन्वी, कैपजेमिनी, पेप्सीको, कोकाकोला, यूनीलीवर व माइक्रोसाफ्ट के सीईओ से संवाद करेगा। इसका मकसद इन कंपनियों को यूपी में निवेश के लिए प्रेरित करना है।

ओद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल रविवार को दावोस पहुंच गया। इसमें



औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह के साथ दावोस गए प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को विश्व आर्थिक मंच की अंतरराष्ट्रीय व्यापार की कमेटी के प्रमुख से भेंट की।

## इन्वेस्ट यूपी ने बनाया आधुनिक पवेलियन

निवेशकों से सुविधाजनक चर्चाओं के लिए, उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने प्रोमेनेड 49 में एक अत्याधुनिक पवेलियन बनाया है। यह पवेलियन अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के सामने यूपी के बिजनेस इकोसिस्टम तथा उसकी संभावनाओं का प्रदर्शन करेगा और उनको उत्तर प्रदेश में निवेश की महत्ता बताएगा।

मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, विशेष सचिव शशांक त्रिपाठी, निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला , सलाहकार अखिलेश गौतम, इन्वेस्ट यूपी के सलाहकार सोभित टीथिल व अन्य शामिल हैं।

औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता और निवेश के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। हम उद्योगपतियों एवं निवेशकों के समक्ष उत्तर प्रदेश में उपलब्ध संभावनाओं का प्रदर्शन करने तथा उनके साथ सार्थक विचार-विमर्श करने में विश्वास रखते हैं।